न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज०

पीठासीन अधिकारी :– श्री नेमा राम आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– 45/2024
जीसीएमएस नं. :– 2024/68

प्रार्थीगण :–

1. कोयली पुत्री हीराराम जाति मेघवाल निवासी रियां तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर हाल निवास ससुराल पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।
2. भतिया पुत्री हीराराम जाति मेघवाल निवासी रियां तहसील पीपाड़ शहर जिला जोधपुर हाल निवास ससुराल कापरड़ा तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थीगण :–
तहसीलदार, तहसील कार्यालय पीपाड़ शहर जिला जोधपुर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू. राजस्व अधिनियम

उपस्थित अधिवक्ता :
श्री ओमप्रकाश कच्छावाह प्रार्थी की ओर से
अप्रार्थी तहसीलदार पीपाड़ शहर

दर्ज दिनांक :– 19.02.2024

''आदेश''

दिनांक : 21/08/2025

प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज. भू. राजस्व अधिनियम के तहत पेश किया है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है कि ग्राम रियां पटवार हल्का हल्का भू.अ.नि. क्षेत्रऽ बुचकला तहसील पीपाड शहर की राजस्व सीमा में प्रार्थीगण व अन्य की पुश्तैनी कृषि भूमि खाता संख्या 560 व पुराना 379 में स्थित खसरा नम्बर 1176 क्षेत्रफल 3.2036 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1201 क्षेत्रफल 2.8153 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1202 क्षेत्रफल 3.5596 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1203 क्षेत्रफल 1.1407 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, 1204 क्षेत्रफल 0.0081 हैक्टेयर किस्म गै.मु. बैरा, खसरा नम्बर 1205 क्षेत्रफल 0.0647 हैक्टेयर किस्म गै.मु. सारण, खसरा नम्बर 1206 क्षेत्रफल 0.2508 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1207 क्षेत्रफल 0.3560 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1208 क्षेत्रफल 0.5825 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ कुल खसरा 09 कुल क्षेत्रफल 11.9813 हैक्टेयर भूमि आई हुई है जिसको आगे प्रार्थनापत्र में वादग्रस्त आराजी के नाम से सम्बोधित किया जायेगा। सबूत मे नकल जमाबन्दी संलग्न पेश है। वादग्रस्त आराजी प्रार्थीगण के पिता हीराराम व अन्य की सयुंक्त खातेदारी भूमि रही है प्रार्थीगण के पिता के देहान्त बाद फौतैदगी नामान्तरण भरते समय मानवीय भूल एवं लिपीकीय त्रुटिवश प्रार्थीगण व उनकी बहिनों के व माता के नाम स्वीकृत किया गया। सम्वत 2075 की जमांबंदी में प्रार्थी संख्या एक का नाम कोमल दर्ज है तथा प्रार्थी संख्या दो का नाम भतु दर्ज इन्द्राज किया हुआ है जो कि गलत है। जमाबन्दी की नकल संलग्न पेश है। प्रार्थी संख्या एक के आधार कार्ड, परिवार कार्ड एवं तमामं दस्तावेजात में प्रार्थी संख्या एक का नाम कोयली दर्ज है एवं प्रार्थी संख्या दो के तमाम वोटरलिस्ट, आधार कार्ड, पहचान पत्र इत्यादि में सही नाम भतिया दर्ज है। वादग्रस्त आराजी मे प्रार्थी संख्या एक का नाम कोमल व प्रार्थी

संख्या दो का नाम भतु नाम गलत दर्ज कर दिया है जिसको प्रार्थीगण दुरूस्त करवाकर प्रार्थी संख्या एक का कोमल के स्थान पर कोयली व प्रार्थी संख्या दो का भतु के स्थान भतिया इन्द्राज करवाने का अधिकारी है। प्रथमदृष्टया मामला रेकर्ड दुरूस्ती का आवश्यक दस्तावेज इस प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न पेश है। अतः प्रार्थनापत्र मय शपथपत्र पेश कर श्रीमान न्यायालय हाजा से विन्रम निवेदन है कि ग्राम रिया की राजस्व सीमा में स्थित वादग्रस्त खसरा नम्बर 1176 क्षेत्रफल 3.2036 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1201 क्षेत्रफल 2.8153 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1202 क्षेत्रफल 3.5596 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1203 क्षेत्रफल 1.1407 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, 1204 क्षेत्रफल 0.0081 हैक्टेयर किस्म गै.मु. बैरा, खसरा नम्बर 1205 क्षेत्रफल 0.0647 हैक्टेयर किस्म गै.मु. सारण, खसरा नम्बर 1206 क्षेत्रफलं 0.2508 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1207 क्षेत्रफल 0.3560 हैक्टेयर किस्म चांही चतुर्थ, खसरा नम्बर 1208 क्षेत्रफल 0.5825 हैक्टेयर किस्म चाही चतुर्थ कुल खसरा 09 कुल क्षेत्रफल 11.9813 हैक्टेयर भूमि का रेकर्ड दुरूस्त फरमाते हुए प्रार्थी संख्या कोमल पुत्री हीराराम व प्रार्थी संख्या दो भतु पुत्री हीराराम के स्थान पर कोयली पुत्री हीराराम, व प्रार्थी संख्या दो का नाम भतिया पुत्री हीराराम इन्द्राज करने का आदेश फरमावें एवं उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड में अम्मलदरामद करने हेतु तहसीलदारं पीपाड शहर को आदेशित फरमावें।

हमने प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया । अप्रार्थी तहसीलदार पीपाड़ शहर को नोटिस जारी किया गया । अप्रार्थी तहसीलदार की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया हैं कि ग्राम रियां के खसरा नम्बर 1176, 1201, 1202, 1203, 1204, 1205, 1206, 1207, 1208 कुल खसरा 9 कुल क्षेत्रफल 11.9813 में सहखातेदारो में कोमल पुत्री हीराराम के स्थान पर कोयली पुत्री हीराराम एवं भतु पुत्री हीराराम के स्थान पर भतिया पुत्री हीराराम दर्ज किया जाना उचित बताया हैं।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार पीपाड़ शहर को आदेशित किया जाता है कि ग्राम रियां के खसरा नम्बर 1176, 1201, 1202, 1203, 1204, 1205, 1206, 1207, 1208 कुल खसरा 9 कुल क्षेत्रफल 11.9813 में सहखातेदारो में कोमल पुत्री हीराराम के स्थान पर कोयली पुत्री हीराराम एवं भतु पुत्री हीराराम के स्थान पर भतिया पुत्री हीराराम दुरूस्त कर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करें। इस आशय की तहरीर जारी हों।

(नेमा राम)
सहायक कलेक्टर एवं
पदेन उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर

आदेश आज दिनांक 21/08/25 को सर–ए–इजलास सुनाया गया ।

(नेमा राम)
सहायक कलेक्टर एवं
पदेन उपखण्ड अधिकारी
पीपाड़ शहर